| |
|---|
| दिनांक 12.08.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 425/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद रामपुर/थाना कोतवाली

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 11/12.08.2026 की रात्रि थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नई बस्ती से पुरस्कार घोषित अभियुक्त समीर उर्फ फरहत को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—समीर उर्फ फरहत निवासी नई बस्ती थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद।

## कमिश्नरेट कानपुर नगर/थाना जाजमऊ

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की पीली—सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 12.08.2026 को थाना जाजमऊ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर तकुआ मस्जिद के पास से अभियुक्त जफर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली—सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 10.08.2026 को थाना जाजमऊ क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना जाजमऊ पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना जाजमऊ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जफर निवासी तकुआ मस्जिद के पास ताडबगिया थाना जाजमऊ कमिश्नरेट कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1—चोरी की पीली—सफेद धातु के आभूषण आदि।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना सिविल लाइन**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 मोटर साइकिल**
- **01 फर्जी नम्बर प्लेट**
- **चोरी के 4000/—रूपये नगद बरामद**

दिनांक 11.08.2026 को थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1—जावेद उर्फ सबलू 2—आश मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 मोटर साइकिल, 01 फर्जी नम्बर प्लेट, चोरी के 4000/—रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जावेद उर्फ सबलू के विरूद्ध जनपद शामली, मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानो पर जनपदों में वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जावेद उर्फ सबलू निवासी ग्राम कवाल थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।

2—आश मोहम्मद निवासी ग्राम छछरौली थाना ननौता जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 08 मोटर साइकिल।

2—01 फर्जी नम्बर प्लेट।

3—चोरी के 4000/—रूपये नगद।

- **<u>जनपद मुजफ्फरनगर/थाना छपार (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को मृत्युदण्ड व 01 लाख 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा थाना छपार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/120बी/364(ए)/201 भादवि के अन्तर्गत **अभियुक्त शाहनवाज को मृत्युदण्ड व 01 लाख 10 हजार रूपये अर्थदण्ड** की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद आजमगढ़/थाना दीदारगंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 50–50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद आजमगढ़ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना दीदारगंज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–दिनेश 2–लालमन को सश्रम आजीवन कारावास व 50–50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बुलन्दशहर/थाना शिकारपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना शिकारपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त मुकेश उर्फ छोटू को आजीवन कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बुलन्दशहर/थाना कोतवाली देहात (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 15 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376डी भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त समसुद्दीन को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 15 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————